राजस्थान विश्वविद्यालय,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

क्रमांकः परीक्षा–तृतीय/पु.मू./2023/1897 दिनांकः 1-5-23

मुख्य परीक्षा–2023 के पुनर्गणना (Scrutiny) आवेदन–पत्र भरने संबंधी दिशा–निर्देश

राजस्थान विश्वविद्यालय पुनर्गणना (Scrutiny) हेतु अध्यादेश संख्या 157–A के प्रावधानो के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन–पत्र निम्नानुसार भरे जायेंगे:–

1. समस्त स्नातक (पास/ऑनर्स कोर्स), स्नातक सेमेस्टर/सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/एम.फिल. पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के पुनर्गणना (Scrutiny) आवेदन–पत्र वेबसाईट **www.univraj.org** के माध्यम से भरे जायेंगे।
2. जिन परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम RW-EX/RW-EN प्रदर्शित हो रहा है या जो परीक्षार्थी अध्यादेश के माध्यम से परीक्षा में सम्मिलित हुये हैं ऐसे इच्छुक परीक्षार्थी निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन पोर्टल **www.univraj.org** पर जाकर पुनर्गणना हेतु आवेदन कर सकते हैं।
3. **पुनर्गणना (Scrutiny)** प्रदत्त अकों के योग में त्रुटि अथवा किसी प्रश्न/खण्ड़ के अमूल्यांकित होने पर आधारित होगी तथा पुनर्गणना **(Scrutiny)** के परिणाम स्वरूप अंक घट बढ़ या यथावत रह सकते हैं।
4. **पुनर्गणना (Scrutiny)** शुल्क रूपये 180 प्रति प्रश्न–पत्र निर्धारित है, जो चालान पर भी अंकित होगा।
5. **अन्तिम तिथि:–** विश्वविद्यालय द्वारा मुख्य परीक्षा घोषित होने की तिथि से 15 दिवस तक ही पुनर्गणना (Scrutiny) हेतु आवेदन कर सकते हैं। इसके पश्चात् संबंधित वेबसाईट स्वतः बन्द हो जायेगी।
6. **आवेदन–पत्र भरने एवं शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया**–परीक्षार्थियों को निर्धारित परीक्षा शुल्क **ICICI BANK** के माध्यम से जमा कराना होगा। परीक्षा शुल्क एवं आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:–
   (अ) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट **www.univraj.org** पर Visit कर अपनी कक्षा से सम्बधित ऑनलाईन पुनर्गणना **(Scrutiny)** आवेदन–पत्र मुख्य परीक्षा के अनुक्रमांक से भरेंगे।
   (ब) पुनर्गणना (Scrutiny) का निर्धारित शुल्क **ICICI BANK** में क्रेडिट/डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिग के माध्यम से जमा करवा सकते हैं, तत्पश्चात् आवेदन पत्र की दो प्रतियों में प्रिंट प्राप्त कर लें। आवेदन पत्र की दोनों प्रतियां एवं शुल्क जमा की रसीद अपने पास सुरक्षित रखें।
   (स) एक बार शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी स्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा।

नोट:– सूचित किया जाता है कि पुनर्गणना (Scrutiny) आवेदन–पत्रों की हार्डकापी विश्वविद्यालय में जमा करवाने की आवश्यकता नहीं है तथा परीक्षार्थी आवेदन–पत्र की हार्डकॉपी को अपने पास सुरक्षित रखें और विश्वविद्यालय द्वारा मांगने पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

परीक्षा नियंत्रक